हिंदुस्तानी संगीतकी

एनसाईक्लोपिडिया

पुस्तक नं. ५.

इस पुस्तकमें —

आसावरी, भैरवी और **तोडी** इन तीन थाट के २० रागों का विस्तारपूर्वक शास्त्रीय बयान, उनके आलाप, सुप्रसिद्ध सरगम, उस्तादी खान्दानि ध्रुपद, धमार, तराणा, ठुमरी, इत्यादि नोटेशनसह दियें हैं.

लेखक और प्रकाशक:

पंडित फिरोझ फ्रामजी, संगीतशास्त्री.

ख्याल गायकी, दिलखुश उस्तादी गायकी, तान प्रवेश, संगीत कला शिक्षक, हिंदुस्तानी संगीत विद्या (तीन भाग), राग सिरीझ (छे भाग), सन्त गीत लेहेरी, सितार होम ट्युटर, सितार गत-तोडे संग्रह इत्यादि ग्रंथों के कर्त्ते.

३२२, मेन स्ट्रीट, कँप, पुना.

सन १९३४.

मूल्य २ रु.

प्रास्ताविक हृदयानिवेदन.

हिंदुस्तानी संगीत की एनसाईक्लोपिडिया का यह पांचवा पुस्तक है. इसमें **आसावरी, भैरवी** और **तोडी** थाट के **२०** रागों के शास्त्रीय वर्णन, आलाप, सरगम, उस्तादी खान्दानि पदें इ० नोटेशनसह दियें हैं.

इस पुस्तक हमारे गुरुवर्य **श्रिमान पंडितजी विष्णु ना. भातखंडे,** बी. ए. एलएल.बी., वकील, हाई कोर्ट, बम्बई के "**हिंदुस्थानी संगीत पद्धति**" नामक ग्रंथ के चौथे पुस्तक के संक्षिप्त सारांश है, जो इस पुस्तक में लिखनेको पंडितजी ने महेरबानीसे परवानगी दी है, परंतु उसके शुद्धता के बाबतमें मैं जुमेदार हूं.

वैसाही हमारे गुरुबंधु **आली जनाब राजा मुहम्मद नव्वाब अलीखां,** एम.एल.सी., ताल्लुकेदार, अकबरपुर, इन साहबने भी अपने "**मआरिफुन् नगमात**" ग्रंथमें से कई पदें हमारे एनसाईक्लोपिडिया के ग्रंथमें लिखनेकी महेरबानीसे आज्ञा दी है, इस वास्ते वे दोनो विद्वान गुणीजन का मैं मनःपूर्वक आभार मानता हूं. और इस शास्त्रमें व कलामें तज्ज्ञ होकर प्रांजलतासे इस विद्या का दान करनेवालें तथा प्राचीन अर्वाचीन ग्रंथकार इत्यादि सर्वों का मैं कृतज्ञ हूं.

३२२, मेन स्ट्रीट, कँप,
पूना. ता. १५-८-१९३४.

आपका—
पंडित फिरोझ फ्रामजी.

रागों की सूची

आसावरी थाट के राग.

भैरवी थाट के राग.

तोडी थाट के राग.

सूचना.

इस पुस्तक के छपाईमें जिस जगह **कोमल स्वर** की ` यह निशानी न छपी हो उस जगह संगीत अभ्यासी राग के नियमानुसार दुरुस्ती कर लेंगे ऐसी विनंती है.

आसावरी ठाट–विचार.

इस थाट में ९ रागों का समावेश किया है. उनके नाम :—

(१) **आसावरी**, (२) **जौनपुरी**, (३) **गंधारी**, (४) **देवगंधार**, (५) **देसी**, (६) **खट**, (७) **दरबारी**, (८) **अडाणा**, (९) **कौंसी**.

आसावरी, जौनपुरी, गंधारी, देवगंधार, देसी और **खट** इन छे रागोंका गानेका समय दिनका दूसरा प्रहर है, और आश्रय राग **आसावरी** के अंगसे गायें जातें हैं. **“म् प, नी ध् प, म् प, ग्, रे, सा”** (ग् के ऊपर म्) यह तान **आसावरी** अंग को प्रदर्शित करनेवाली है. शेष **दरबारी, अडाणा** और **कौंसी** इन तीन राग **कानडा** के प्रकारें हैं, और उनका गानेका समय रात्रिका तीसरा प्रहर है.

(१) राग आसावरी.

इसका ओडव-संपूर्ण वर्ग है. इसके आरोहमें **गांधार** तथा **निषाद** वर्ज है. आरोहमें यादि **निषाद** स्वर वर्ज है तो भी "**म् प, ध्, सां, नीसां**" ऐसा **षडज** की जोडमें अल्प प्रमाणमें लिया जाता है. जलद तानोंमें कभी कभी **नीषाद** स्वर "**म्पध्न्सां**" ऐसा सीधा भी लगा देते हैं. आरोहमें **गांधार** स्वर वर्ज है वो नियम नहीं तोड सकता, क्योंकि "**रे, म् प**" यह तान इस रागमें प्रधान है. इसमें **धैवत** स्वर पर "**नीध्, नीध्, प**" ऐसा आंदोलन का प्रयोग करतें है, जो विना यह राग गा नहीं सकते. इसमें **ऋषभ** तथा **गांधार** पर **मध्यम** की तथा **धैवत** पर **निषाद** की मींड अधिक अपेक्षित है. इस रागमें **ग्, प** व **ध्** इन तीन स्वरों का बहुलत्व है. इसके पूर्वांगमें "**म् प ग्,**" "**म्पध्म्प ग्**" तथा उत्तरांगमें "**रे, म् प, नी ध्, प**" यह तान बारबार आती है, जो रागवाचक भाग है. अवरोहमें **मध्यम** स्वर बहुधा गौण रखतें हैं, जैसे "**म्पध्म्प ग्,**" "**नी ध् प, ध् ग्, रे सा**". जलद तानोंमें अवरोहमें **मध्यम** स्वर "**नीध्पम्ग्रेसा**" ऐसा सीधा लगातें हैं.

अवरोहमें "**सां नी ध् प**" यह तानसे **भैरवी** राग की आशंका है, अतएव इस रागमें "**सां नी ध्, प** ऐसा **धैवत** स्वर पर ठहरकर **पंचम** स्वर लेते हैं. किंवा "**सां, रें नी ध्, प**" ऐसी तान लेतें है. इस राग के उत्तरांग **भैरवी** राग के सदृश है, अतएव इसको **भैरवी** से बचानेकी विशेष अवश्यकता है वो ध्यानमें रक्खें.

इसके अंतरे का उठाव "**म् प, ध्, सां; सां, रें सां**" ऐसा बहुधा होता है. इसकी गती तीनों सप्तकोंमें है. इसका वादी स्वर ध् है. गानेका समय दिनका दूसरा प्रहर है. यह समय के रागों में "**म् प, नी ध् प; म् प, ध् ग्, रे सा**" यह तान बारबार आती है. जिस राग में यह तान हो विस रागमें **आसावरी** अंग है ऐसा समजना. यह सब रागों के चलन उत्तरांगमें विशेष है. यह बहोत मधुर राग होनेसे आति लोकप्रिय है. इसमें विनय तथा शृंगार रस है. इसमें धृपद, ख्याल, तराणें, भजन आदि बहोत उत्तमतासे गाये जातें है. इसमें मींड का प्रयोग अधिक होता है.

ग्रंथके **आसावरी** रागमें **ऋषभ** स्वर **कोमल** है. **उत्तर हिंदुस्तान** में यह राग में **कोमल ऋषभ** का ही व्यवहार करतें है, और उसमें धृपद का अधिक प्रचार है. आरोहमें **गांधार** वर्ज होनेसे जलद तानों में **कोमल ऋषभ** से **मध्यम** पर आना कुछ कठिन होनेसें

ख्यालियोंने **तीव्र ऋषभ** का व्यवहार करना शुरु किया ऐसी समजूत है. ख्याल का प्रचार अधिक होने के लिए **आसावरी** रागमें सर्वदा **तीव्र ऋषभ** का व्यवहार किया जाता है.

इस राग का आरंभ बहुधा **मध्यम** स्वर से होता है याने **मध्यम** इस राग का ग्रह स्वर है. यह कुछ कडक नियम नहीं, क्योंकि कभी **धैवत** स्वरसे, तो कभी **ऋषभ** स्वरसे भी आरंभ होता है.

आसावरी, जोनपुरी, गांधारी, देसी, खट आदि को **तोडी** के विविध प्रकार मानतें है. संस्कृत ग्रंथ की **तोडी** का थाट अपना हिंदुस्तानी **भैरवी** थाट समान है वो ध्यानमें रक्खें.

आरोहावरोह स्वरुपः

म्   नी   म् सा
सा, रे म् प, ध्, सां । सां, नी ध्, प; म् प ग्, रे, सा.

म्   म् सा
पकड :— रे म् प, नी ध्, प; म्पध्म्प ग्; रे, सा.

स्वरविस्तार.

म्   नी नी नी   म्   म्   म् सा
सा, रे म्, प, ध्, ध्, ध्, प; ध्, म्प ग्; रे, सा; रे, म् प, नी ध्, प। सा रे सा; ग्, रे सा;

म् सा   .नी   म्   म्   म्
प ग्, रे सा; सा, नी ध्, प; म् प, ध्, सा, रे सा; रे म् प ध् ग्; नी ध्, प, म् प ध् ग्,

म्   म्
रे सा; रे म् प, नी ध्, प। सा रे म् प, नी ध् प; म् प सां, नी ध्, प; म्पध्म्प ग्; सा रे,

म्   सा   म्   नी नी   ×   नी
प ग्; सा रे, म् ग्; रे सा; रे म् प सां, ध्, ध्, प। म् प, ध्, सां, सां, रें सां; ग्ं रें, सां;

मं   नी   नी
पं ग्ं, रें सां; रें सां, नी ध्; सां, नी ध्, ध्, प; सारेम्पध्, रें सां, रें नी ध्, नी ध्, प; म् प,

म म्   म्   म्   सा   नी   नी नी
ध् ग्; रे म् पध्म्प ग्; रें नी, ध्, म् प ग्; रे सा; ध् म् प सां, ध्, ध्, प.

सरगम–आसावरी–त्रिताल.

म् प ऽ सां ॥ ध् ऽ प ऽ । ऽ म् ऽ प । पध् म्प ग् ऽ । रे रे सा ऽ ॥ सारे म्ग् रे सा ।
३ = (सम) २ ० ३ =

रे म् प ऽ । ध् ध्प म्प रे । म् प ऽ सां ॥ ध् ऽ प ऽ । ऽ ऽ म् प । ध् ऽ ऽ ध् ।
२ ० ३ = २ ०

सां नी सां सां ॥ सां ऽ ऽ ध् । ऽ सां ऽ रें । ऽ सांरें म्ंग्ं रेंसां । नीसां रेंसां ध् ऽ ॥
३ = २ ० ३

प ऽ प नी । ध् प प ऽ । ध् ध्प म्प रे । म् प ऽ सां ॥ (सम)
= २ ० ३

आसावरी–त्रिताल.

अंखियां में लागि रहे गोपाल, एरी सखी,
मैं जल जमुना भरत जात रही, देख आई मैं रसिक लाल. ॥ अंखिया ॥
रुनक झुनक पग नूपुर बाजे, चाल चलत गज राज,
जमुना तट नट धेनु चरावत, संग लिए लाखो ग्वाल. ॥ १ ॥
बिन देखे मोहे कलन परत है, निसदिन रहत बिहाल,
लोक लाज सब कुल की मर्यादा, निपट भ्रम का जाल. ॥ २ ॥

ध् म् पध् म्प	ग् ऽ रे सा	रे म् प सां	ध् ऽ प प	ध् म् प प
अं खि यांऽ मेंऽ	ला ऽ गि र	हे ऽ गो ऽ	पा ऽ ऽ ल	ए रि स खि
२	०	३	= (सम)	२

ध् पध्नी ध् प	ध् म् पध् म्प	ग् ग् रे सा	रे रे सा सा	सा सा गं गं
मैं ऽ ज ल	ज मु नाऽ ऽ	भ र न जा	ऽ त र ही	दे ख आ ई
०	३	=	२	०

म्								सा			नी नी				

रें रें सां सां ‖ रें नी़ ध् प | ध् म् पध् मप | ग् ऽ रे सा | रे म् प सां ‖ ध् ऽ ध् प |
मैं र सि क ‖ ला ऽ ऽ ल | अं खि यांऽ मेंऽ | ला ऽ गि र | हे ऽ गो ऽ ‖ पा ऽ ऽ ल |
३ = २ ० ३ =

ऽ ऽ ऽ ऽ | म् म् प प | ध् ध् ध् ध् ‖ सां ऽ सां सां | सां ऽ सां ऽ | ध् ऽ ध् ध् |
ऽ ऽ ऽ ऽ | रु न क झु | न क प ग ‖ नू ऽ पु र | बा ऽ जे ऽ | चा ऽ ल च |
२ ० ३ = २ ०

सां सां सां रें ‖ सांरें गं रें सां | रेंसां नी़सां ध् प | प पध्नी ध् प | ध् म् पध् मप ‖
ल त ग ज ‖ राऽ ऽ ऽ ऽ | ऽ ऽ ऽ ज | ज मुऽऽ ना ऽ | त ट नऽ टऽ ‖
३ = २ ० ३

ग् ऽ रे सा | रे ऽ सा सा | ध् प गं गं | रें ऽ सां सां ‖ रें सां नी ध् | पध् मप ध् प |
धे ऽ नु च | रा ऽ व त | सं ग लि ए | ला ऽ खो ग ‖ वा ऽ ऽ ल | अंऽ खिऽ यां में |
= २ ० ३ = २

ग् ऽ रे सा | रे म् प सां ‖
ला ऽ गि र | हे ऽ गो ऽ ‖ (सम)
० ३

तराणा – आसावरी – एकताल.

दीं तननन देरे लाला तन नितन तना तों तना,
दानि तदारे दानि नादिर दिर दानि तुं दिर दिर दानि, तदारे दानि. ॥दीं॥
ना दिर दिर दानि, तुं दिर दिर दानि, दानी तुंद्रे तद्रे दानि,
तदियनरे तदियनरे तदारे दानि. ॥दीं॥

रे ऽ | म् म् | प प | प सां | नी ध् | प प ‖ प नी | ध् प | पध् मप | ऽ ग् | ऽ रे |
दीं ऽ | त न | न न | दे रे | ला ला | त न ‖ नि त | न त | नाऽ ऽ | ऽ तों | ऽ त |
=(सम) ० २ ० ३ ४ = ० २ ० ३

सा ऽ ‖ सा सा | रे म् | रे म् | ऽ प | ध् ध्ध् | ध्ध् सां ‖ सां सां | सांसां सांसां |
ना ऽ ‖ दा नि | त दा | रे दा | ऽ नि | ना दिर | दिर दा ‖ नि तुं | दिर दिर |
४ = ० २ ० ३ ४ = ०

म् म् म्* ×प नी नी
सां सां | रे म् | रें म् | ऽ प || रें ऽ | म् म् | प प | म् मम् | पप ध् | ऽ ध् ||
दा नि | त दा | रे दा | ऽ नि || दीं ऽ | त न | न न | ना दिर | दिर दा | ऽ नि ||
२ ० ३ ४ = ० २ ० ३ ४

नी नी नी नी नी नी सां नी
ध् धध् | धध् सां | ऽ सां | ध् ध् | ऽ सां | ऽ गं || रें सां | ऽ ध् | ऽ प | प प |
तुं दिर | दिर दा | ऽ नी | दा नी | ऽ तुं | ऽ द्रे || त द्रे | ऽ दा | ऽ नि | त दि |
= ० २ ० ३ ४ = ० २ ०

नी नी म् म्
रें रें | रें ऽ || ध् ध् | सां सां | सां ऽ | ग् ग् | रे सा | ऽ सा ||
य न | रे ऽ || त दि | य न | रे ऽ | त दा | रे दा | ऽ नि ||
३ ४ = ० २ ० ३ ४

आसावरी – धमार (कोमल ऋषभ प्रकार)

आई खेलके फाग लला सों हमसे छिपावत कहा जिया ठानी.
हूं तो थारी प्यारी सखी री, वो तो जानत है नंद जिठानी.

नी नी म्
रे् म् | प ऽ || ध् ऽ ध् | नी ध् | प ऽ | ध् ऽ म् | म् ऽ | प ध् || ग् ऽ रे् | रे् सा |
आ ऽ | ई ऽ || खे ऽ ऽ | ल ऽ | के ऽ | ऽ ऽ ऽ | फा ऽ | ग ल || ला ऽ ऽ | सों ऽ |
३ ० =(सम) ० २ ० ३ ० = ०

नी नी नी
ध् ऽ | ध् सा ऽ | रे् ग् | रे् ऽ || रे् सा सा | रे् म् | प ऽ | प ध् ऽ | नी ध् | प ऽ ||
ह ऽ | म से ऽ | छि पा | ऽ ऽ || व त क | हा ऽ | जी ऽ | या ठा ऽ | ऽ ऽ | ऽ ऽ ||
२ ० ३ ० = ० २ ० ३ ०

म् * × नी
ध् म् म् | प ध् | ग् ऽ | रे् ऽ सा | रे् म् | प ऽ || म् प ध् | ऽ ऽ | सां ऽ | ऽ सां ऽ |
ऽ ऽ ऽ | ऽ ऽ | ऽ ऽ | नी ऽ ऽ | आ ऽ | ई ऽ || हूं ऽ तो | ऽ ऽ | था ऽ | ऽ री ऽ |
= ० २ ० ३ ० = ० २ ०

नी
ध् ऽ | सां ऽ || रें गं रें | सां ऽ | नी ध् | प म् ऽ | प ध् | सां ऽ || नी ध् प |
प्या ऽ | री ऽ || स खी ऽ | री ऽ | वो तो | जा ऽ ऽ | न त | है ऽ || नं ऽ द |
३ ० = ० २ ० ३ ० =

म् *
प ध् | ग् ऽ | रे् ऽ सा | रे् म् | प ऽ ||
जि ठा | ऽ ऽ | नी ऽ ऽ | आ ऽ | ई ऽ || (सम)
० २ ० ३ ०

(२) राग – जौनपुरी.

आसावरी तथा **जौनपुरी** यह दोनो समप्रकृतिके राग है. **आसावरी** से इसका विशेष भेद यही है कि **आसावरी** के आरोहमें **निषाद** स्वर वर्ज है और इस **जौनपुरी** के आरोहमें **निषाद** स्वर का व्यवहार होता है. इसमें "**म् प ग्; रे, म् प**" यह तान बारबार आती है. यह तान **गांधारी** का रागवाचक भाग है, अतएव इस राग **आसावरी** व **गांधारी** के मिलापसे बना हुआ प्रतीत होता है. यह कुछ ग्रंथ का राग नहीं, मगर एक आधुनिक प्रकार है. **शर्की** घराणे का **राजा सुलतान हुसेन जोनपुरी** ने यह राग प्रचारमें लाया ऐसी समजूत है.

इसमें **पंचम** स्वर का बहुलत्व है और वो मुख्य विश्रांति स्थान भी है, अतएव कोई **पंचम** स्वर को वादी मानतें है. **धैवत** स्वर को वादी मानना अधिक अनुकूल है. इसकी गती मध्य और तार सप्तकोंमें विशेष है. इसके अंतरे का उठाव "**म् प, ध्, नी् सां; नी् सां**" ऐसा बहुधा होता है. बाकी सब बात **आसावरी** के तूल्य है. यह बडा उत्तम तथा सुकुमार राग है. दिनके दूसरे प्रहर के रागों में अधिक प्रिय है. जिसको राग नियम मालूम नहीं, वो इस राग को **आसावरी** कहतें हैं.

आरोहावरोह स्वरुप.

सा, रे म्, प, ध्, नी् सां। सां, नी् ध्, प; म् प ग्, रे सा.

पकड:— म् प, नी् ध्, प; ध् म् प ग्; रे म् प.

नोट—कभी कभी इस राग के आरोहमें **तीव्र निषाद** का भी व्यवहार करतें है, जैसे "**म् प, ध्, नी सां, सां, नी सां; ध् नी सां रें गं् रें, सां, नी सां ध् प,**" इ. इ.

स्वरविस्तार.

सा, रे म्; म् प; म्, प, ग्; रे, सारे; सा; सा रे; सा रे ग्; रे; सा; .नी सा;

.नीसारे.नीसा .ध्; .प, .ध्, सा; रेम्पध् म्पग्; रे, सा; .नी .नी सा, रे, सा। रे, म्, प; म्, प,

ध्, ध्, प; ध्, प, ध्, म्; म् प म् ध् प नी ध्, प; म्पध्म्प ग्; रेपम्प ग्; सारे प, ग्; रे सारे,

सा; .नी .नी सा, रे, सा। सा रे म् प; नी, ध्, प; म्पध्म्प, ध्, नी, ध्, प; म्, प प, ध् ध्;

नी ध् प; म्पध्, पध्नी, ध्, प; रेम्प, म्पध्, पध्नी, ध्, प; म्पध्म्प ग्; सा रे, प ग्; रे, सारे,

सा; .नी .नी सा, रे, सा। म् म्, प, ध्, सां; नी नी सां; ध्, प; म्पध्नी सांरेंग्रें, नीसां, ध्, प;

सां; ध्, प; सारेम्प सां, ध्, प; रें, नी सां; पध्ग्; रे, सा; .नी .नी सा, रे, सा.

सरगम–जानपुरी–त्रताल.

म् म् प नी । ध् प ध् म् ॥ प ग् रे म् । प ऽ प ऽ । ध् ध् प नी । ध् प ध् म् ॥
० ३ =(सम) २ ० ३

प ग् ऽ रे । रे रे सा ऽ । सा रे म् रे । म् प ध् प ॥ प ग्ं रें सां । रें नी ध् प ।
= २ ० ३ = २

ध् म् प नी । ध् प पध् म्प ॥ ग् रे म् म् । प ऽ प ऽ ।: म् प ध् नी । सां ऽ नी सां ॥
० ३ = २ ० ३

ध् नी सां ग्ं । रें सां ध् प :। प ग्ं रें सां । रें सां ध् प ॥ सां नी ध् प । ग् ग् रे सा ।
= २ ० ३ = २

जौनपुरी - त्रिताल.

राम बिना तेरा कोई न सहाई, रात दिना तूं सुमिरले भाई.
यह जग है कोई दिनका मेला, क्यौं झूटी है प्रीति लगाई,
भाई बंधू कुटुंब छोड कर, तनहा जावेगा तूं भाई. ॥१॥

कछु भी तेरे संग चलना नाहीं, महल माडियां खूब बनाई,
एक पल भी हरि नाम न लीना, आयुश अपनी वृथा गमाई. ॥२॥

कोई है सुखमें, दुःखमें है कोई, यह रचना है राम बनाई,
"माधव" रहुं इश्वर को शरणी, जो परलोक में हो सुखदाई. ॥३॥

प ... नी़ ... म् सा
|: ध् म् प सां | ध् ऽ पध् मृप | ग् रे म् म् || प ऽ प ऽ :| नी़ ऽ नी़ नी़ | सां ऽ सां ऽ |
रा ऽ म बि | ना ऽ तेऽ राऽ | को ई न स || हा ऽ ई ऽ | रा ऽ त दि | ना ऽ तूं ऽ |
२ ० ३ =(सम) २ ०

नी़ ... * ... नी़
नी़ सां नी़सां रेंसां || ध् ऽ प ऽ | म् ऽ प सां | ध् ऽ पध् मृप | रेग् सारे मृरे म् ||
सु मि रऽ लेऽ || भा ऽ ई ऽ | रा ऽ म बि | ना ऽ तेऽ राऽ | कोऽ ईऽ नऽ स ||
३ = २ ० ३

× ... नी़
प ऽ प ऽ | ऽ ऽ ऽ ऽ | म् ऽ प प | ध् ऽ नी़ नी़ || सां सां सां ऽ | रें नी़ सां ऽ |
हा ऽ ई ऽ | ऽ ऽ ऽ ऽ | ये ऽ ज ग | है ऽ को ई || दि न का ऽ | मे ऽ ला ऽ |
= २ ० ३ = २

सां ... नी़
नी़ ऽ नी़ ऽ | सां ऽ सां सां || रेंसां नी़सां नी़सां रेंसां | ध् ऽ प ऽ | पध् नी़ ध् प |
क्यौं ऽ झू ऽ | टी ऽ है ऽ || प्रीऽ ऽ तिऽ लऽ | गा ऽ ई ऽ | भाऽ ऽ ई ऽ |
० ३ = २ ०

म् ... सा ... सां ... नी़
ध् म् पध् मृप || ग् ग् रे सा | ऽ रे सा सा | सा सा ग् ऽ | रें सां नी़ सां || ध् ऽ प ऽ |
बं ऽ धूऽ ऽ || कु टुं ब छो | ऽ ड क र | त न हा ऽ | जा वे गा तूं || भा ऽ ई ऽ |
३ = २ ० ३ =

राम बिना, इ० इ०

जौनपुरी – झपताल.

सुमीर हो नाम को मनहीं के मन में, दी जिये दान गुरु शाहे मानी.
सींचिये बेल तन भाग मेरे को, अमृत फल लगे हर डार डारी.

प		नी	प	म्		म्	सा
ध् म्	प धृप सां	ध् प	ध् म् ऽ	प ग्	रेग् सारे प	ग् ग्	रे ऽ सा
सु मि	र होऽ ऽ	ना ऽ	म को ऽ	म न	हींऽ ऽ के	म न	में ऽ ऽ
=	२	०	३	=	२	०	३
.नी	म्		नी नी				
सा ऽ	रे म् ऽ	प ऽ	प ध् ध्	पध् मृप	सां ऽ नीसां	नीसां रें	नी ध् प
दी ऽ	जि ये ऽ	दा ऽ	न गु रु	शाऽ ऽ	हे ऽ ऽ	माऽ ऽ	नी ऽ ऽ
अ×	नी नी		सां	नी नी			नी
म् प	ध् ध् नी	सां ऽ	नी सां सां	ध् ध्	सां सां ऽ	रें सां	ध् ऽ प
सीं ऽ	चि ये ऽ	बे ऽ	ल त न	भा ऽ	ग मे ऽ	रे ऽ	को ऽ ऽ
प				प		म्	सा
गं गं	रें रें सां	रें रें	नी ध् प	म् प	नी ध् प	ग् ऽ	रे ऽ सा
अ मृ	त फ ल	ल गे	ऽ ह र	डा ऽ	ऽ ऽ र	डा ऽ	ऽ ऽ रि

चतरंग – जौनपुरी – त्रिताल

चतरंग रससू गाईये, ले जाईये सूर ताल पर आलाप करके सुनाईये.
ना दिर दिर दिर धेत्तेलाना दीम दीम तनन, तदारे तदारे तार दीम दीम,
सा सा रे रे म् म् प प ध् ध् नी नी सां सां,
तक विलांग धुम किटतक गदिगिन क्डान धा, क्डान धा, क्डान.

म् प नी		म् सा		नी नी	
प सां ध् प	ध् म् पध् मृप	ग् ऽ रे म्	प ऽ ऽ ऽ	ध् ऽ ऽ ध्	ऽ प पध् मृप
च त रं ग	र स सूऽ ऽ	गा ऽ ऽ ई	ये ऽ ऽ ऽ	ले ऽ ऽ जा	ऽ ई येऽ ऽ
०	३	= (सम)	२	०	३

म् ग् ऽ रे सा	ऽ रे सा सा	म् रे म् ऽ म्	प ऽ प सां	नीसां रेंग् रेंसां नीसां	नी ध् ऽ प धम्
सू ऽ र ता	ऽ ल प र	आ ला ऽ प	क ऽ कैं सु	नाऽ ऽ ऽ ऽई	ये ऽ ऽ ऽ
=	२	०	३	=	२

अ× म् मम् पप पप	नी नी ध् ध् नी नी	सां ऽ ऽ सां	नी सां सां सां	नी नी ध् ध् ऽ ध्	सां सां ऽ रें
ना दिर दिर दिर	धे त्ते ला ना	दीं ऽ ऽ म्दीं	ऽ म्त न न	त दा ऽ रे	त दा ऽ रे
०	३	=	२	०	३

सांरें गं् रें सां	रें नी ध् प	सा सा रे रे। म् म् प प ॥ नी नी ध् ध् नी नी। सां ऽ सां ऽ।
ताऽ ऽ ऽ दीं	ऽ म्दीं ऽ इम	० ३ = २
=	२	

नी मम् पप ऽध् नीनी	सांसां सांसां सांसां सांसां	रें ऽ नी, ध्	ऽ प, ध् ऽम्
तक धिलां ऽग धुम	किट तक गदि गिन	क्डा ऽ न्धा क्डा	ऽ न्धा क्डा ऽन
०	३	=	२

चतरंग, इ० इ०

---

(३) राग गांधारी.

आसावरी, जौनपुरी और **गांधारी** यह तीनों समप्रकृतिके राग है. **आसावरी** के आरोहमें **निषाद** स्वर का व्यवहारसे **जौनपुरी** राग होता है, और **जौनपुरी** के अवरोहमें **कोमल ऋषभ** का व्यवहारसे **गांधारी** राग होता है. यह तीनों राग का विशेषतः भेद है. बाकी सब बात **जौनपुरी** के तूल्य है.

यह ग्रंथका राग है. इसको **गांधारी तोडी** भी कहतें हैं.

आरोहावरोह स्वरूप.

म् नी म्
सा, रे म्, प, ध्, नी सां। सां, नी ध्, प, म् प ग्, रे्, सा.

म् म्
पकड :– रे म् प, नी ध्, प; सां, नी ध्, प; म् प ग्; रे्, सा.

नोट—जौनपुरी राग का स्वरविस्तार के अवरोहमें **कोमल ऋषभ**का व्यवहारसे यह **गांधारी** राग का स्वरविस्तार होगा, अतएव यहां दुबारा लिखा नहीं. इसके मुख्य चलन नीचे मुजब,

नी नी म् सा नी ग्
सा, ध्, ध्, प ध्, ग्; रे म्, प, ध्, सां; नी सां, रें रें सां; ध् प; म् प ग्; रे, सा.

सरगम–गांधारी–त्रिताल

म् सा नी
म् म् प नी । ध् प ध् म् ॥ प ग् ऽ रे । म् म् प ऽ । ध् ध् प नी । ध् प ध् म् ॥
० ३ =(सम) २ ० ३

म् सा
प ग् ऽ रे् । ग् रे् सा ऽ । सा सा गं गं् । रें सां ऽ रें् ॥ नी ध् ऽ नी । ध् ध् प ऽ ।
= २ ० ३ = २

अ× नी नी
म् प ध् ध् । सां ऽ नी सां ॥ नी सां रें सां । नी सां नी ध् । प गं् रें गं् । रें सां ध् प ॥
० ३ = २ ० ३

म् *
नी ध् प ध् । ग् ग् रे् सा । म् म् प नी । ध् प ध् म् ॥ (सम)
= २ ० ३

गांधारी–त्रिताल.

पियु परदेस गये नाहिं आवत, कित जाऊं सखि कछु न भावत.
उमगे जोबन तरसे जियरा, राह तकत नित रैन गमावत.

	नी	म् सा				
।: म् प सां नी	ध् ऽ पध् म्प	ग् ऽ रे म्	प ऽ प प :	म् प नी ध्	प ऽ ध् म्
पियु प र	दे ऽ स ग	ये ऽ न हिं	आ ऽ व त	कि त जा ऽ	ऊं ऽ स खि
३	= (सम)	२	०	३	=

म्	अ×		सां		नी
प ग् ऽ रे्	ग् रे् सा सा	म् म् प ध्	सां ऽ नी सां	रें गं् रें सां	रें सां ध् प
क छु ऽ न	भा ऽ व त	उ म गे ऽ	जो ऽ ब न	त र से ऽ	जि य रा ऽ
२	०	३	=	२	०

प ध्‌ म्‌ *
ध्‌ गं्‌ रें्‌ सां ‖ रें्‌ नी्‌ ध्‌ प | नी्‌ ध्‌ प ध्‌ | ग्‌ ऽ रे्‌ सा | म्‌ प सां नी्‌ ‖
रा ऽ ह त ‖ क त नि त | रै ऽ न गु | मा ऽ व त | पि यु प र ‖ (सम)
३ = २ ० ३

गांधारी – चौताल.

व्यास शाम अनगन गुन ज्ञान नीके सगुन लगन धरी.
दीनी बरस गांठ शाहनशाह औरंगजेब की,
करत हैं आन कोट कोट बरसन की आरबल करी.

नी म्‌ सां सां प म्‌
ध्‌ प | ध्‌ म्‌ | प ग्‌ ‖ सारे म्‌ | प प | प नी्‌ | सां ध्‌ | प ध्‌ | प म्‌ ‖ प प | ग्‌ सारे | म्‌ प |
व्या ऽ | ऽ ऽ | ऽ स ‖ शाऽ ऽ | ऽ म | अ न | ऽ ग | न गु | न ज्ञा ‖ ऽ न | नी ऽ | के ऽ |
० ३ ४ =(सम) ० २ ० ३ ४ = ० २

म्‌ म्‌ म्‌ म्‌ नी * म्‌ ×
ग्‌ ऽ | ग्‌ रे्‌ | सा रे ‖ म्‌ प | ग्‌ ग्‌ | रे्‌ सा | ध्‌ प | ध्‌ म्‌ | प ग्‌ ‖ म्‌ प | नी्‌ ध्‌ | प सां |
स ऽ | गु ऽ | न ल ‖ ऽ ग | न ध | री ऽ | व्या ऽ | ऽ ऽ | ऽ स ‖ दी ऽ | नी ऽ | ऽ ब |

मं्‌ सां
सां नी्‌ | सां सां | ऽ सां | सां गं्‌ | रें्‌ सां | सां गं्‌ | रें्‌ सां | सां ऽ | सां सां ‖ नी्‌ सां | सां सां | ऽ नी्‌ |
र स | ऽ गां | ऽ ठ | शा ऽ | ह ऽ | न शा | ऽ ह | औ ऽ | रं ग ‖ जे ऽ | ब की | ऽ क |

सां म्‌ सां
सां सां | रें्‌ सां | ध्‌ ऽ | प ग्‌ | सारे म्‌ | प म्‌ | प प | नी्‌ ध्‌ | प प ‖ सां ऽ | सां ऽ | नी्‌ सां |
र त | है ऽ | आ ऽ | न को | ऽ ट | को ऽ | ट ब | र ऽ | ऽ स ‖ न ऽ | की ऽ | ऽ ऽ |

सां सां नी* म्‌
प ध्‌ | म्‌ प | प सां ‖ सां सां | नी्‌ सां | ध्‌ प | ध्‌ प | ध्‌ म्‌ | प ग्‌ ‖
ऽ ऽ | ऽ ऽ | आ ऽ ‖ र ब | ल क | री ऽ | व्या ऽ | ऽ ऽ | ऽ स ‖ (सम)

गांधारी - धमार

मारत पिचकारी दैया छिप छिप शाम बिहारी.

जमना जल भरन जातथी, बीच मिले मोहे कुंवर कन्हाई.

म् नी नी प

मृपनी धृमृप || गृ ऽ सारे | मृ प | प ऽ | धृ धृ प | धृ मृ | प धृमृप ||

मारत पिऽच || का ऽ ऽ | री ऽ | दै ऽ | या ऽ ऽ | छि प | छि ऽऽप ||

० =(सम) ० २ ० ३ ०

म् म् म * × नी नी

गृ रे़ सा | सा ऽ | रे प | गृ ऽ रे़ | सा ऽ | मृपनी धृमृप || मृ प ऽ | धृ ऽ | धृ ऽ |

शां ऽ ऽ | म ऽ | बि ऽ | हा ऽ ऽ | री ऽ | मारत पिऽच || ज मृ ऽ | ना ऽ | ज ऽ |

= ० २ ० ३ ० = ० २

सां नी

प सां ऽ | नी सां | सां ऽ || सां ऽ सां | धृ प | सां गृं | रे़ं सां ऽ | रे़ं नी | धृ प ||

ल भ ऽ | र ऽ | न ऽ || जा ऽ त | थी ऽ | बी ऽ | च ऽ ऽ | मि ले | ऽ ऽ ||

० ३ ० = ० २ ० ३ ०

म् *

प धृ मृ | मृ मृ | पधृ मृप | गृ ऽ रे़ | सा ऽ | मृपनी धृमृप ||

मो हे ऽ | कुं व | रऽ कऽ | न्हा ऽ ऽ | ई ऽ | मारत पिऽच || (सम)

= ० २ ० ३ ०

---

(४) राग - देवगांधार.

इसका **ओडव - संपूर्ण** वर्ग है. आरोहमें **ऋषभ** तथा **धैवत** वर्ज है. आरोहमें **धनाश्री** तथा अवरोहमें **आसावरी** अंगसे गाया जाता है. वादी स्वर **प** है. कोई **धृ** को वादी मानतें है. इस राग के आरंभ तथा अंतरे का उठाव **"मृ मृ, प धृ प, सां; सां, नी सां"** एसा होता है. ग्रह स्वर **मृ** तथा न्यास स्वर **सां** है. इसकी गती मध्य तथा तार सप्तकोंमें है. इसके चलन उत्तरांगमें विशेष है. **धनाश्री** के चलन पूर्वांगमें विशेष है, अतएव भिन्नता दिखाई पडती है. इसके औरभी कईक भेद है, मगर वो सब अप्रसिद्ध होनेसें उनका हाल यहां लिखना व्यर्थ है.

आरोहावरोह स्वरुप.

म्
सा, ग् म् प, नी सां, । सां, नी ध्, प, म् प, ग्, रे सा.

पकड :— म् म्, प ध् प, सां, नी ध्, प; ग् म् प, रें सां, नी ध्, प;
ध्, म् प, ग्; रे सा.

स्वरविस्तार

सा, ग् म् प, ध् प; ध्, म् प ग्; नी ध् प, म् प ग्; ध्, प ग्, रे सा । सा, रे सा; ग्,
रे सा; प ग्, रे सा; रे सा, नी ध् प; म् प, ध् प, सा; रे सा; ग् म् पध्मप ग्; प ग्,
रे सा । म् म्, प, ध् प, सां, नी सां; गं, रें सां, रें सां नी ध्, प; ध् म् प ग्, म् प सां,
नी ध्, प; म् प, नी ध् प, ग् ग्, रे रे सा; म् प, ध् प, सां.

सरगम – देवगांधार – त्रिताल

म् प ध् प ॥ सां ऽ नी सां । नी नी सां रें । सां नी ध् प । ध् प ग् म् ॥ प ऽ रें सां ।
३ =(सम) २ ० ३ =

ध् प म् प । ग् ऽ रे सा । म् प ध् प ॥ सां ऽ रें सां । गं गं रें सां । रें नी ध् प ।
२ ० ३ = २ ०

मं गं रें सां ॥ रें सां नी ध् । प ध् म् प । ग् ऽ रे सा । म् प ध् प ॥ (सम)
३ = २ ० ३

देवगंधार – त्रिताल.

परीए वाके पायन सजनी, जो न माने गुनियन की सिखियां.
ऐसो ही बिधनारोहि आवे, ऐसे मानस के पास न जइये,
दरश कहे वासो लरिए.

		म्	म्		म्	
।:	प सां नी॒ ध॒	प म् प ग॒ ‖	रे सा ग॒ म्	प म् प ऽ :	ग॒ ऽ रे सा	ग॒ रे नी॒ सा ‖
	प रि ए ऽ	वा ऽ के ऽ ‖	पा ऽ य न	स ज नी ऽ :	जो ऽ न मा	ऽ ने गु नि ‖
	०	३	=(सम)	२	०	३

		अ×प		सां	
ग॒ म् प सां	रें नी॒ ध॒ प	म् ऽ प ऽ	नी॒ ऽ सां सां ‖	नी॒ ऽ गं॒ रें	सां नी॒ ध॒ प
य न की ऽ	सि खि यां ऽ	ऐ ऽ सो ऽ	ही ऽ बि ध ‖	ना ऽ रो हि	आ ऽ वे ऽ
=	२	०	३	=	२

प			म्		
गं॒ ऽ गं॒ रें	सां नी॒ ध॒ प ‖	म् ऽ प प	ग॒ रे सा ऽ	म् म् म् प	प ऽ नी॒ सां ‖
ए ऽ से मा	न स के ऽ ‖	पा ऽ स न	ज इ ये ऽ	द र श क	हे ऽ वा सो ‖
०	३	=	२	०	३

गं॒ रें सां ऽ	सांनी॒ ध॒प म्ग॒ रेसा	
ल रि ए ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	परिए, इ०
=	२	

देवगंधार – सूलताल.

नाद मुरली धर, गोपी मनोहर, बन बन सुंदर, खेलत राधे.
बछरन चरावत, बन बन आवत, तानन तानन तान सुनावे.

	नी॒		सां		सां				
म् प	ध॒ ध॒	प सां	ऽ नी॒	सां सां ‖	नी॒ ऽ	सां ऽ	रें नी॒	ऽ ध॒	ऽ प
ना ऽ	द मु	र ली	ऽ ध	ऽ र ‖	गो ऽ	पी ऽ	म नो	ऽ ह	ऽ र
=	०	२	३	०	=	०	२	३	०

		म्		नी॒				ग॒	ग॒
म् प	ध॒ म्	प ग॒	म् प	रें सां ‖	ध॒ ध॒	प म्	प ग॒	ऽ रे	रे सा
ब न	ब न	सूं ऽ	ऽ द	ऽ र ‖	खे ऽ	ल त	रा ऽ	ऽ ऽ	धे ऽ

×   नृी   मृं मृं
मृ मृ | प धृ | प सां | ऽ रें | सां सां || गृं गृं | रें रें | सां रें | सां नृी | धृ प
ब छ | र न | च रा | ऽ व | ऽ त || ब न | ब न | आ ऽ | ऽ व | ऽ त
=   ०   २   ३   ०   =   ०   २   ३   ०

                              प   मृ   गृ   गृ
मृं गृ | रें सां | रें सां | नृी धृ | ऽ प || मृ प | धृ मृ | प गृ | ऽ रे | रे सा
ता ऽ | न न | ता ऽ | ऽ न | ऽ न || ता ऽ | न सु | ना ऽ | ऽ ऽ | वे ऽ

देवगंधार – झपताल.

अलबेलि नार चली पियु हेत ठुमकके,
झनकार करत मधु नूपुर चरनके.
शशि वदनि भामिनी, गजगमनि मृग नयनि,
सज सिंगार सकल, चीर नव पहेनके.

     नृी   सां   सां सां   नृी नृी
मृ मृ | प धृ प | सां ऽ | नृी सां सां || नृी नृी | सां ऽ रें | सां नृी | धृ धृ प
अ ल | बे ऽ लि | ना ऽ | र च लि || पि यु | हे ऽ त | ठु म | क के ऽ
=   २   ०   ३   =   २   ०   ३

प   मृ   धृ   प   मृ   गृ
मृ प | गृ ऽ मृ | प प | रें सां सां || नृी धृ | प धृ प | गृ गृ | रे ऽ सा
झ न | का ऽ र | क र | त म धु || नृ ऽ | पु र च | र न | के ऽ ऽ

×   मृ नृी   सां सां   नृी नृी
मृ प | प धृ प | सां ऽ | रें सां ऽ || नृी नृी | सां सां रें | सां नृी | धृ धृ प
श शि | व द नि | भा ऽ | मि नी ऽ || ग ज | ग म नि | मृ ग | न य नि

मृ प   प   मृ   गृ सा
प गृं | रें ऽ सां | रें सां | नृी धृ प || मृ प | धृ मृ प | गृ गृ | रे रे सा
स ज | सीं ऽ गा | ऽ र | स क ल || ची ऽ | र न व | प हे | न के ऽ

राग – देसी.

इसका **ओडव - संपूर्ण** वर्ग है. आरोहमें **गांधार** तथा **धैवत** वर्ज है, और दोनों (कोमल तीव्र) **निषाद** का व्यवहार होता है. अवरोहमें **मध्यम** स्वर **आसावरी** राग के सदृश गौण है. इसमें **"रे, ऩी** (किंवा **ऩी**) **सा**" इस प्रकार **षड्ज** विशेष लगता है. यह स्वर संगती रागवाचक भाग है जो पूरा ध्यानमें रखना अवश्य है. **रे ऩी, सा । ग्, रे ऩी, सा । प ग्, रे ऩी, सा** यह स्वरों को ठिक २ गानेका प्रथम अभ्यास करना चाहिये.

म्
"**सा, रे प ग्; रे, ऩी, सा**" यह तान इसके स्वरुप को प्रकट करनेवाली है. "**सा, रे, म् प;**
म्   म्
रे म् प, ग्; रे ऩी, सा" ऐसा "**रे म् प**" इन स्वर दुबारा लेनेंसे रागकी माधुर्यता और बढती है. इसमें "**रे प**" और "**प रे**" इन स्वरों की संगती बारबार आती है. **प** व **रे** इन दो स्वर का बहुलत्व है, और वो तानकी आखेरिमें बहोत चमकता रहता है. इसके अंतरेका उठाव "**म् प, नी सां; सां, नी सां, सां**" किंवा "**म् म्, प, ध् प, सां, नी सां**" ऐसा बहुधा होता है. इसकी गती मध्य और तार सत्पकोंमें विशेष है.

इसका वादी स्वर **प** है. इसमें **धैवत** स्वर को दबाके रखना चाहिये, क्योंकि **धैवत** स्वर पर जोर देनेसे **आसावरी, जौनपुरी** आदि की आशंका है. इसके उत्तरांगमें "**सां, नी ध् प**" ऐसी स्वर रचना होती है और **आसावरी** में "**सां, नी ध्, प**" ऐसा **धैवत** स्वर पर ठहरकर **पंचम** स्वर लेतें है. **आसावरी** राग का भास दूर करनेके लिए कभी कभी "**सां, प ध् प,**" "**सां, प, नी ध् प**" इस प्रकार स्वर रचना करतें है.

इसमें "**सा, रे म् प**" यह तानमें **पंचम** पर ठहरनेसे **सारंग** राग की छांई नझर आती है. इस छांईसे इसके पीछे **सारंग** रागमें प्रवेश होनेकी सूचना होती है, अतएव यह परमेलप्रवेशक राग है. **आसावरी** राग में "**सा, रे म् प, नी ध्, प**" इस प्रकार स्वर रचना होती है, और इस राग में "**सा, रे म् प; प, ध् प; नी ध् प**" इस प्रकार स्वर रचना होती है वो ध्यानमें रक्खें.

इसमें **धैवत** स्वर कोमलसे थोडा चढा और तीव्रसे थोडा उतरा लगता है ऐसी समजूत है. इसमें धृपद, ख्याल, तराणा आदि आसानीसे गायें जातें है. नामी गायक यह राग बहोत उत्तम रीतिसे गातें है. गानेका समय दिनका दूसरा प्रहर है. इसकी प्रकृति गंभीर है.

इस राग का और तीन भेद है, जो नीचे मुजब :–

(१) जिसमें सिर्फ **तीव्र धैवत** का व्यवहार होता है.

(२) जिसमें दोनों (कोमल तीव्र) **धैवत** का व्यवहार होता है. इसमें **कोमल धैवत** अल्पसा लगातें है.

(३) जिसमें सिर्फ **कोमल धैवत** का व्यवहार होता है, परंतु आरोहमें **तीव्र ऋषभ** और अवरोहमें **कोमल ऋषभ** लगातें है. इस प्रकार को **कोमल** (या **उतरी**) **देशी** कहतें हैं. यह प्रकार बहोत कम गायें जातें है.

उक्त सब प्रकार के राग नियम, स्वर विस्तार वगैरह एकसमान है.

आरोहावरोह स्वरूप. (कोमल धैवत प्रकार)

म्   म्   म्
सा, रे म्, प, नी (किंवा **नी) सां । सां, नी ध् प, म् प, ग् रे ; प ग्, रे, नी सा.**

म्   म्   नी   म्   म्   रे
पकड :– रे म् प; रे म् प, ध् प, ग् रे ; नी सा, रे प ग् ; रे, नी सा.

स्वरविस्तार.

रे   म्   म्   रे   म्   नी   नी
सा, रे नी सा, रे प ग्; रे ग्, रे नी सा; सा, रे म्, प; प, ध् प रे; ध् प, नी ध् प;

म्   नी   म्   म्   रे   रे   नी
रे म् प, ध् प, ग् रे; नी सा, रे प ग्; रे, नी सा। सा, रे नी सा; ध् प, म् प, नी ध् प;

म्   म्   रे   म्   नी
ध् प, सा; रे ग्, रे; प ग्, रे, नीसा, रे प ग्; रे, नी सा। प रे, म् प; प, ध् प; म् प, सां, प;

म्   म्   म्   म्   म्   ×
म् प ध् प, म् प ग् रे; रे म्, पध्म्प ग्, रे; नी ध् प, म् प, ग् रे; रे ग् रे, नी सा।

नी   म्   म्
म् म्, प, प, ध् प सां; नी सां, रें सां, ध् प; रे म् प, गं रें सां; रें सां, नी ध् प; रे म् प;

नी   म्   रे
ध् प, म् प ग्; रे, नी सा.

तीव्र धैवत प्रकारके चलन.

म् रे म् म् म्
सा, रे प ग्; रे, ऩी, सा; रे म् प; रे म् प, ध प, म् प, ग् रे; सां, प, ध प; रें सां, नी ध
म् म् रे
प; रे म् प, ध प, म् प ग्; रे, ऩी सा.

नोट - इस प्रकार के आरोहमें **तीव्र निषाद** का अधिक व्यवहार होता है.

दोनो धैवत प्रकारके चलन.

म् रे म् म् म्
सा, रे प ग्; रे, ऩी सा; रे म् प; रे म् प, ध् प, म् प, ग् रे; सां, प, ध् प; रें सां,
म् म् रे
नी ध प; रे म् प, ध् प, म् प ग्; रे, ऩी सा.

नोट – इसमें **तीव्र धैवत** का बहुलत्व है. **कोमल धैवत** स्वर **"म् प ध् प"** ऐसा **पंचम** की जोडमें अल्पसा लगातें है.

कोमल धैवत और दोनो ऋषभ प्रकारके चलन.

नी नी म् नी म्
प, ध् प, ध् म्, म् प, ध्, नी, सां नी ध् प; रे म् प, ध् मप ग्; रे् रे् सा; म् प, ध् प, सां,
म्
नी सां; सां रें गं, रें् सां, नी ध् प; ध् म्, मपध्मप ग्; रे् सा.

नोट – इस प्रकारमें **धैवत** स्वर आरोह में भी लिया जाता है, अतएव यह **षाडव-संपूर्ण** प्रकार है.

सरगम–देसी–झपताल. (कोमल धैवत प्रकार)

सा म् रे सा म् म् नी
ऩी सा । रे प ग् । रे ऩी । सा ऽ सा ॥ ऩी सा । रे म् प । रे म् । प ध् प
= २ ० ३ = २ ० ३

प नी म् म् नी म् रे
म् प । सां ऽ प । ध् प । ग् ग् रे ॥ रे म् । प ध् प । ग् रे । ऩी सा ऽ

प×　　　　　　　　　　　　　सां　　　　सां
म् प । नी सां ऽ । सां ऽ । नी सां सां ॥ नी सां । रें रें सां । नी सां । प ध् प

म्　　　　नी　　म्　　म्　　नी　　म्　　रे
रे म् । प सां ध् । ध् प । ग् ग् रे ॥ रे म् । प ध् प । ग् रे । नी् सा ऽ

नोट – इसमें **कण स्वर** ठीक २ निकालते रहेना.

सरगम – देसी – त्रिताल (तीव्र धैवत प्रकार)

रे　　　प　　　　　नी　　　　　म्
सा ग् रे सा । रे नी सा ऽ ॥ रे म् प रे । म् प ध प । म् प सां प । ध प ग् रे ॥
०　　　３　　　=(सम)　　２　　　०　　　३

म्　　म्　रे　×　　　सां　　　सां　　　नी
रे म् प ध । ग् रे नी सा । म् प सां ऽ । नी सां ऽ सां ॥ नी सा गं रें । सां ऽ ध प ।
=　　　२　　　०　　　३　　　=　　　२

म्　म्　　　म्　रे　　*　　　रे
नी ध प नी । ध प ग् रे ॥ रे म् प ध । ग् रे नी सा । सा ग् रे सा । रे नी सा ऽ ॥ (सम)
०　　　३　　　=　　　२　　　०　　　३

देसी – त्रिताल. (कोमल धैवत प्रकार) (विलंबित)

गूंढ गूंढ लावो रे मालनिया फूलूंदा सहेरा.
आज मोरे घर मोहन आये, रचहूं मैं फूलूंदा सबहू सिंगार.

नी					म्
। । । सा	ग् रे ऽ सा ‖	रे ऽ नी ऽ	सा ऽ सा ऽ	सा ऽ ऽ रे	म् ऽ पध् मप ‖
। । । गूं	ढ गूं ऽ ढ ‖	ला ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ वो ऽ	रे ऽ ऽ मा	ऽ ऽ लऽ निऽ ‖
०	३	=(सम)	२	०	३

म्			म्		
ग् ऽ ऽ ऽ	रे ऽ ग् ऽ	रें ऽ ऽ म्	म् प ऽ प ‖	सां ऽ ऽ प	नी ध् पम् प
या ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ फू	ऽ लूं ऽ दा ‖	स ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ हेऽ ऽ
=	२	०	३	=	२

म् *				×	म्
ग् रे ऽ रें	ग् रे ऽ सा ‖	रे ऽ नी ऽ	सा ऽ सा ऽ	सा ऽ ऽ म्	म् प ऽ प ‖
रा ऽ ऽ गूं	ढ गूं ऽ ढ ‖	ला ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ वो ऽ	रे ऽ ऽ आ	ज मो ऽ रे ‖
०	३	=	२	०	३

प	सां	सां			सां
सां ऽ ऽ ऽ	नी् ऽ सां ऽ	सां ऽ ऽ नी्	ऽ सां ऽ रें ‖	सां ऽ ऽ ऽ	नी् नी् सां ऽ
ध ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	र ऽ ऽ मो	ऽ ह ऽ न ‖	आ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
=	२	०	३	=	२

	म्	प			
प ऽ ऽ पध्	म्प ग् ऽ म् ‖	प ऽ सां ऽ	नी् सां प नी्	प ऽ ऽ नी्	म् प ध् प ‖
ये ऽ ऽ रच	हूंऽ ऽ ऽ मैं ‖	फू ऽ ऽ ऽ	ऽ लूं ऽ ऽ	ना ऽ ऽ स	ब हू ऽ सिं ‖
०	३	=	२	०	३

म्	रे	*		
ग् ऽ ऽ ऽ	रे ऽ ऽ नी्	सा सा ऽ सा	ग् रे ऽ सा ‖	
गा ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ	ऽ र ऽ गूं	ढ गूं ऽ ढ ‖	सम
=	२	०	३	

देसी – सूलताल. (कोमल धैवत प्रकार)

आवन कहे गये अजहुं न आये, सब निस बीति मोहे गीनत तारे.
दीपक चंद्र जोत मलिन भई जात हैं,
कोन दूतीयन बिरमाये प्यारे.

म्							म्	रे	
रे ग्	रे सा	सा म्	प् सा	सा ऽ ‖	रे ग्	रे म्	प ग्	रे नी्	सा ऽ
आ ऽ	व न	क हे	ऽ ग	ये ऽ ‖	अ ज	हुं न	आ ऽ	ऽ ऽ	ये ऽ
=	०	२	३	०	=	०	२	३	०

	म्	म्				सां			
सा सा	रे म्	रे म्	प नी्	ध् प ‖	म् प	सां ध्	प म्	प रे	ग् रे
स ब	नि स	बी ऽ	ति मो	हे ऽ ‖	गी ऽ	न त	ता ऽ	ऽ ऽ	रे ऽ

×			म्						
म् ऽ	प म्	प सां	सां गं्	रें सां ‖	सां सां	रें सां	नी् ध्	प नी्	ध् प
दी ऽ	प क	चं ऽ	द्र जो	ऽ त ‖	म लि	न भ	ई जा	ऽ त	है ऽ

		म्					म्		
म् प	म् ग्	रे ग्	रे म्	प प ‖	सां नी्	ध् प	ध् म्	प ग्	ग् रे
को न	दू ऽ	ती ऽ	य न	बि र ‖	मा ऽ	ये ऽ	प्या ऽ	ऽ ऽ	रे ऽ

देसी - झपताल (तीव्र धैवत प्रकार)

निरंजन कीजे मुकात मेरी, परताप सूं ऐमद जूके.
तूही दूर करत दुखियन के दुख,
पूजा करे सब जिव जंतु तेरी. ॥ परताप ॥
निरगुन को करत विद्यावान, निरधन को देत माया घनेरी.
दरस महागिर तेरो दास है,
जाकी मकात में कर नाहिं देरी. ॥ परताप ॥

      सा   सा   म् प   म्
। । सा ‖ नी सा | सा ऽ रे | नी सा | नी धप म् ‖ प ऽ | रे म् प | म् प | ग् रे सारे
। । नि ‖ रं ऽ | ज ऽ न | की ऽ | जे ऽ मु ‖ का ऽ | ऽ ऽ त | मे ऽ | री ऽ ऽ
३ = २ ० ३ = २ ० ३

 म् सा   म् प ध   म्   म्   सा
म् ग् | रे सा सा | रे म् | प ध मप ‖ ग् ऽ | रे सा म् | ग् ऽ | रे सा सा
प र | ता ऽ प | सूं ऽ | ऽ ऽ ऽ ‖ ऐ ऽ | म ऽ द | जू ऽ | के ऽ नि
= २ ० ३ = २ ० ३

सां×सां सां   सां   मं
नीं नीं | नीं सां सां | सां ऽ | नीं सां सां ‖ रें गं | रें सां सां | सां ऽ | नीं ध प
तू ही | दू ऽ र | क ऽ | र ऽ त ‖ दु खि | य ऽ न | के ऽ | दु ऽ ख

म्   सां   म्   म्
रे म् | प ऽ प | नीं सां | प ऽ प ‖ म् प | रे म् प | म् प | ग् रे सारे
पू ऽ | जा ऽ क | रे ऽ | स ऽ ब ‖ जि व | जं ऽ तु | ते ऽ | री ऽ ऽ

(परताप सूं ऐमद जूके.)

(संचारी)

                         म् प ध   प   म्
सा म् | म् ऽ म् | प ऽ | प प प ‖ रे म् | प ऽ ध | म् प | ग् ऽ रे
नि र | गु ऽ न | को ऽ | क र त ‖ वि ऽ | ऽ ऽ ऽ | द्या ऽ | वा ऽ न

 म् सा   म्   सा   म् प ध   प   म्
म् ग् | रे सा रे | ग् ऽ | रे ऽ सा ‖ रे म् | प ऽ ध | म् प | ग् ऽ रे
नि र | ध ऽ न | को ऽ | दे ऽ त ‖ मा ऽ | या ऽ घ | ने ऽ | री ऽ ऽ

(आमोग)

सां सां सां मृ
नृी नृी | नृी सां सां | सां ऽ | सां ऽ सां || गृ ऽ | रें सां सां | ऽ सां | नृी ध प
द र | स ऽ म | हा ऽ | गि ऽ र || ते ऽ | रो ऽ दा | ऽ स | है ऽ ऽ

मृ सां प मृ प प मृ
रे मृ | प ऽ प | नृी सां | प प ऽ || मृ प | रे मृ प | मृ प | गृ रे सारे
जा ऽ | की ऽ म | का ऽ | त में ऽ || क र | ना ऽ हिं | दे ऽ | री ऽ ऽ

(परताप सूं ऐमद जूके.)

देसी–धमार (दोनो धैवत प्रकार)

सखी ठाढो सुंदर सांवरो ढोटा कहियत नंद किशोर री.
पल झपकत वाकी छबी निरखत, आली करी हों नगरीया में शोर री.

मृ मृ सा
मृ प || सां ऽ रें | सां नृी | ध ऽ | प धृ मृप | गृ ऽ | रे ऽ || गृ ऽ ऽ | रे ऽ | सा ऽ |
स खि || ठा ऽ ऽ | ढो ऽ | सूं ऽ | ऽ द रऽ | सां ऽ | व ऽ || रो ऽ ऽ | ढो ऽ | टा ऽ |
० =(सम) ० २ ० ३ ० = ० २

मृ प मृ प ध *
सा सा रे | मृ प, | रे ऽ || मृ ऽ प, | प ऽ | प प | ऽ प ऽ | ध मृ | मृ प || सां ऽ रें
क हि य | त ऽ | नं ऽ || ऽ ऽ ऽ | द ऽ | कि शो | ऽ र ऽ | री ऽ | स खि || ठा ऽ ऽ
० ३ ० = ० २ ० ३ ० =

×
सां नृी | ध ऽ | प धृ मृप | मृ मृ | प धृप || सां नृी सां | सां सां | रें गृ | रें सां ऽ | सां ऽ
ढो ऽ | सूं ऽ | ऽ द रऽ | पल | झ पऽ || क त ऽ | वा की | छ बी | नि र ऽ | ख ऽ
० २ ० ३ ० = ० २ ० ३

सां मृ मृ प मृ
नृी सां || सां नृी ध | प ऽ | पधृ मृप | गृ रे सा | सा ऽ | रे मृ || प, रे मृ | प ऽ,
त ऽ || आ ऽ ऽ | ली ऽ | कऽ रीऽ | हों ऽ ऽ | न ऽ | ग ऽ || री ऽ ऽ | या ऽ
० = ० २ ० ३ ० = ०

ध *
प ऽ | प ऽ प | ध मृ | मृ प ||
में ऽ | शो ऽ र | री ऽ | स खि || (सम)
२ ० ३ ०

कोमल देसी–धमार (दोनो ऋिषभ प्रकार)

गोकल धूम मचाई री पिया बिदेस मोहे पाय
अकेली बिरहा आन सताए अब मोहे. ॥ गोकल ॥
कही ना जात मोरी उनसों वे बैरी करत चढाई
बोल बोल बान जो लागो सुध बुध सब बिसराई अब मोहे.

नी नी
प ऽ | प प ‖ ध् ऽ ऽ | प ऽ | ध् म् | म् प ऽ | ध् ऽ | नी ऽ ‖ सां नी ध् | प ऽ |
गो ऽ | क ल ‖ धू ऽ ऽ | म ऽ | ऽ ऽ | म चा ऽ | ई ऽ | री ऽ ‖ पि या ऽ | ऽ ऽ |
३ ० =(सम) ० २ ० ३ ० = ०

म् म्
प नी | ऽ ध् प | म् म् | रे म् ‖ प प ध् | म् प | ग् ऽ | रेरे सा ऽ | सा म् | म् म् ‖
बि दे | ऽ ऽ स | मो हे | पा ऽ ‖ य अ ऽ | के ऽ | ली ऽ | बिर हा ऽ | आ ऽ | न स ‖
२ ० ३ ० = ० २ ० ३ ०

म् म् * × नी
प रे म् | प ध् | म्प ग् | ऽ रे सा | प ऽ | प प ‖ म् प ऽ | प ऽ | ध् ऽ | प प ऽ |
ता ऽ ऽ | ए ऽ | अऽ ब | ऽ मो हे | गो ऽ | क ल ‖ क ही ऽ | ना ऽ | जा ऽ | त मो ऽ |
= ० २ ० ३ ० = ० २ ०

नी
सां ऽ | नी सां ‖ सां सां सां | सां रें | गं ऽ | रें सां ऽ | सां सां | नी ध् ‖ ध् प ऽ | ध् म् |
री ऽ | ऽ ऽ ‖ उ न सों | वे ऽ | बै ऽ | ऽ री ऽ | क र | ऽ त ‖ च ढा ऽ | ऽ ऽ |
३ ० = ० २ ० ३ ० = ०

म् सां सां सां
म् प | ध् म् प | ग् ऽ | नी नी ‖ नी सां सां | सां ऽ | नी ध् | प ध् म् | प ऽ | सां ऽ ‖
ऽ ऽ | ऽ ऽ ऽ | ई ऽ | बो ल ‖ बो ऽ ल | बा ऽ | न ऽ | जो ऽ ऽ | ला ऽ | गो ऽ ‖
२ ० ३ ० = ० २ ० ३ ०

मं
रें गं ऽ | रें सां | सां ऽ | सां ऽ नी | धध् ऽ | प ऽ ‖ ध् म् म् | प ध् | मप ग् | ऽ रे सा |
सु ध ऽ | बु ध | स ऽ | ब ऽ ऽ | बिस ऽ | रा ऽ ‖ ऽ ऽ ई | ऽ ऽ | अऽ ब | ऽ मो हे |
= ० २ ० ३ ० = ० २ ०

*
प ऽ | प प ‖
गो ऽ | क ल ‖
३ ०

(६) राग खट (षड्राग)

यह राग एक मिश्र स्वरुप है और अनेक प्रकारसे गायें जातें है, यथा

(१) **भयरव** अंग प्रकार (२) **भैरवी** अंग प्रकार (३) दोनों **गंधार**, दोनों **धैवत** तथा दोनों **निषाद** प्रकार (४) दोनों **ऋषभ**, दोनों **गंधार** तथा दोनों **धैवत** प्रकार (५) **आसावरी** अंग प्रकार. उक्त प्रकारोंमें **आसावरी** अंग प्रकार सिवाय शेष सब प्रकार अप्रसिद्ध है, अतएव उन्हों का हाल यहां लिखना व्यर्थ है.

आसावरी अंग का प्रकार **आसावरी** और **भयरव** राग का मिलापसे गातें है. इसमें **तीव्र धैवत** का भी कभी कभी व्यवहार करतें है. इसमें **गंधार** तथा **धैवत** पर आंदोलन किया जाता है. **मध्यम** स्वर पर ठहरनेसे राग की गंभीर्ता बढती है.

इसके आरोहमें **गंधार** स्वर का स्पष्ट व्यवहार होता है अतएव **आसावरी, जौनपुरी**

आदि रागों से भिन्नता दिखाई पडती है. इसमें कभी कभी "**प, रे^(म्) म्, म् प**" इस प्रकार भी स्वर रचना होती है, जिससे **सारंग** राग की थोडी छाया दिखाई पडती है. यह **आसावरी** तथा **भयरव** राग का मिश्र रुप होनेसे **तीव्र मध्यम** सिवाय सब्ही स्वरों का व्यवहार इसमें किया जाता है.

इसका वादी स्वर **ध्** है. इसकी गती मध्य और तार सप्तकोंमें विशेष है. गानेका समय दिनका दूसरा प्रहर है. इसमें ध्रुपद तथा धमार का प्रचार अधिक है. यह एक मिश्र रुप होनेसे इसमें तानें आसानीसे नहीं ली जाती अतएव इसमें ख्याल का ज्यादा प्रचार नहीं. यह राग बहुत कम सुननेमें आता है. सिर्फ नामी गवैयें कभी कभी गातें है. इसके स्वरों का पूर्ण कई नियम नहीं अतएव इसकी आरोहावरोही पूर्ण नियत नहीं. इसके साधारण स्वरुप नीचे मुजब,

ऩी सा, ग्^(म्) म्, प, ध्^(नी) ध्^(नी) प; नी ध् प; सां, नी ध् प; म् प ग म्; सां, नी ध, म;

म् प ग म्, ग रे् सा; ऩी सा, रे^(म्) म्, म्^(म्) प, ग्^(म्) ग् म्, रे, सा, इ. इ.

यह राग छे राग का मिलापसे बना है ऐसी समजूत है, अतएव इसको **खट (षट)** किंवा **षड्राग** कहतें है.

खट (षड्राग) – झपताल

ओम निराकार साकार दया का नहिं है पार, ए त्रिपता हरो हरी हरे.
तेराहि जप करत नारद त्रिलोकि नाथ,
तेरीही जग धाक मनमे धरे,
ब्रह्मा रटत जस बनाये गाये तेरे भोलेके डंके पडे.

ग् ऽम् गम् ‖ प प | प ऽ प | प ऽ | प ऽ प ‖ म् प | ध् ऽ ध् | नी नी | सांध् प नी
ओ ऽ ऽम ‖ नि रा | का ऽ र | सा ऽ | का ऽ र ‖ द या | का ऽ न | हिं है | पाऽ र ए
३ = २ ० ३ = २ ० ३

ध् ध् | प ऽ ध् | म् प | ग म् म् ‖ म् सा | म् म् प | म् सा | *ग् ऽम् गम्
त्रि प | ता ऽ ह | रो ह | री ऽ ह ‖ रे ऽ | ऽ ऽ ऽ | ऽ ऽ | ओ ऽ ऽम
= २ ० ३ = २ ० ३

× नी नी
म् प | ध् ऽ ध् | सां सां | सां सां सां ‖ नी ऽ | सां सां रें | सां नी | नी सां प
ते ऽ | रा ऽ हि | ज प | क र त ‖ ना ऽ | र द त्रि | लो कि | ना ऽ थ

म् ऽ | प ऽ नी | ध् ध् | प ध् म् ‖ प ध् | ध् ध् रें | सां सां | ध् नी सां
ते ऽ | री ऽ हि | ज ग | धा ऽ क ‖ म न | मे ऽ ध | रे ऽ | ऽ ऽ ऽ

नी
सां ऽ | सां ऽ सां | सां सां | सां सां सां ‖ नी ऽ | सां ऽ सां | नी ग् | रेंनी सां प
ब्र ऽ | ह्मा ऽ र | ट त | ज स ब ‖ ना ऽ | ये ऽ गा | ऽ ऽ | येऽ ते रे

म् ऽ | प ऽ नी | ध् ऽ | प ध् म् ‖ प ध् | नीसां रें ऽ | म् सा | *ग् ऽम् गम्
भो ऽ | ले ऽ के | डं ऽ | के ऽ प ‖ डे ऽ | ऽ ऽ ऽ | ऽ ऽ | ओ ऽ ऽम

खट – झपताल

आवो गोविंद त्रिज, चंद आनंद बर, मोहे केसोके बनाये लीनो.
घेरी नादियां अगम बहत है, तुम बिन कौन उतारे नैयां.

म् ऽ | प ऽ नी | ध् प | ध् ऽ प ‖ ग ऽ | म् ऽ प | म् रे | सा ऽ सा
आ ऽ | वो ऽ गो | विं द | त्रि ऽ ज ‖ चं ऽ | द ऽ आ | नं द | ब ऽ र
= २ ० ३ = २ ० ३

सा   म्
न्॒ी सा | ग्॒ ऽ म्॒ | प ध्॒ | न्॒ी ऽ सां || रें सां | न्॒ी ध्॒ ऽ | प म्॒ | प ऽ ऽ
मो ऽ | हे ऽ ऽ | के सो | के ऽ ब || ना ऽ | ये ऽ ऽ | ली ऽ | नो ऽ ऽ

अ×
म्॒ ऽ | प ऽ ध | नी नी | सां ऽ ऽ || रें सां | न्॒ी ऽ ध्॒ | प ध्॒ | प ऽ ऽ
घे ऽ | री ऽ ऽ | न दि | यां ऽ ऽ || अ ग | म ऽ ब | ह त | है ऽ ऽ

नी॒
प रें | सां ऽ न्॒ी | ध्॒ ऽ | प ऽ रे || म्॒ ऽ | प ऽ न्॒ी | ध्॒ ऽ | प ऽ ऽ
तु म | बी ऽ न | कौ ऽ | न ऽ उ || ता ऽ | रे ऽ ऽ | नै ऽ | या ऽ ऽ

खट (षड्राग) – धमार

आज खेलत बिर्ज नंदलाल होरी, जमना तट कुंवर किशोरी.
बीन मृदंग मलार झांझ ढप की धुकार नीकी तानन सों
गावत धमारी भर पिचकारी मारत केसर रंग बोरी.

नी॒   नी॒   नी॒
म्॒ ऽ | म्॒ ऽ || प ऽ प | ग्॒म्॒ प | प ऽ | प प ऽ | प ध्॒ | ऽ ध्॒ || सां ऽ ऽरें | ध्॒ ऽ |
आ ऽ | ज ऽ || खे ऽ ल | ऽ त | बि ऽ | र्ज नं ऽ | द ला | ऽ ल || हो ऽ ऽ | री ऽ |
३   ०   =(सम)   ०   २   ०   ३   ०   =   ०

×
न्॒ी प | प ऽ ऽ | प ग्॒म्॒ | म्॒ ऽ || पध्॒ पध्॒ म्॒प | ग्॒ ऽ | म्॒ प | ग्॒ सारे सा | म्॒ ऽ | प म्॒ ||
ज म | ना ऽ ऽ | त ऽ | ट ऽ || कुंऽ वऽ रऽ | कि ऽ | शो ऽ | ऽ रीऽ ऽ | बी ऽ | न ऽ ||
२   ०   ३   ०   =   ०   २   ०   ३   ०

नी॒   नी॒   सां   नी॒
प ध्॒ ऽ | ध्॒ ऽ | ध्॒ सां | ऽ सां न्॒ी | सां सां | सां सां || न्॒ी सां ऽ | रें सां | ध्॒ ऽ |
मृ दं ऽ | ग ऽ | म ला | ऽ र झां | ऽ झ | ढ प || की ऽ ऽ | धु ऽ | का ऽ |
=   ०   २   ०   ३   ०   =   ०   २

नी॒
प प ऽ | प ऽ | ग ग || म्॒ रे्॒ सा | न्॒ी सा | ग्॒ म्॒ | प ध्॒ ऽ | न्॒ी प | ग्॒ प ||
र नी ऽ | की ऽ | ता ऽ || न न सों | गा ऽ | व त | ध मा ऽ | री ऽ | भ र ||
०   ३   ०   =   ०   २   ०   ३   ०

नी़
ध़ नी़ सां | ऽ सां | सां सां | रें नी़ ऽ | सां ग़ | ग़ म़ || सारें नी़सां पनी़ | मप ग़म़ |
पि च का | ऽ री | मा र | त के ऽ | स र | रं ग || बोऽ ऽ ऽ | ऽ ऽ |
= ० २ ० ३ ० = ०

*
सारे ऽ | सा ऽ ऽ | म़ ऽ | म़ ऽ ||
ऽ ऽ | री ऽ ऽ | आ ऽ | ज ऽ || (सम)
२ ० ३ ०

तराणा - खट - सूलताल

उत ताना देरेना दीम तादियनरे दानि,
दर दीम दर दीम तादियानारे दीतन नितनमु नितनमु द्रनामु,
तादियानारे यलि यला यला यलि यला यला यललमु यललल.

प रें | सांनी़ सांनी़ | ध़ ध़ | प ग | म़ ग || प ऽ | म़ ऽ | ग म़ | प ध | नी़ ध
उ त | ताऽ नाऽ | दे रे | ना ऽ | ऽ ऽ || दी ऽ | ऽम ऽ | ता दि | य न | रे ऽ
= ० २ ३ ० = ० २ ३ ०

नी़ प | ध म़ | नी़ ध | नी़ प | ध म़ || प ग | म़ ग | म़ प | ऽ ऽ | ध़ म़
ऽ ऽ | ऽ ऽ | ऽ ऽ | ऽ ऽ | ऽ ऽ || ऽ ऽ | ऽ ऽ | ऽ दा | ऽ ऽ | ऽ नि

×
म़ प | सां ऽ | ऽ ऽ | सां नी़ | सां ऽ || रें रें | रें नी़ | नी़ सां | नी़ नी़ | ध़ प
द र | दीं ऽ | ऽ ऽ | द र | दीं ऽ || ता दि | या ऽ | ना रे | ऽ दि | त न

नी़ नी़ | ध़ प | नी़ नी़ | ध़ प | नी़ ध़ || प ध़ | प म़ | ग़ म़ | प ऽ | ऽ ऽ
नि त | न मु | नि त | न मु | द्र ना || मु ता | दि या | ऽ ना | रे ऽ | ऽ ऽ

सां सां
सां नी | ध़ प | ध़ म़ | प ऽ | ऽ ध || नी़ नी़ | ध़ प | ध़ म़ | प ऽ | ऽ ऽ
य लि | य ला | ऽ य | ला ऽ | ऽ ऽ || य लि | य ला | ऽ य | ला ऽ | ऽ ऽ

प ध़ | नी सां | सां सां | सां सां | सां सां ||
य ल | ल ल | ल मु | य ल | ल ल ||

(७) राग दरबारी कानडा

इसका संपूर्ण वर्ग है. अवरोहमें **धैवत** स्वर लिप्त भावसे (वक्र) लिया जाता है, जैसे
नी   नी
"**सां, ध्, नी प.**" कभी कभी अवरोहमें **धैवत** स्वर "**म् प, ध् ग्, रे, सा**" ऐसा सरल रीतिसे भी लेतें है. इसमें **गंधार** तथा **धैवत** स्वर पर बहोत रक्तिदायक आंदोलन किया
.नी .नी   .नी .नी   सा म् म् म् सा
जाता है, जैसे "**ध् ध्, नी प; म् प, ध् ध्, नी सा; नी सा रे रे, ग् ग् ग्, रे रे, ग्सा.**" यह तान इसके स्वरूप को प्रकट करनेवाली है. **कानडा** का नियम मुजब कभी कभी "**ग् म्, रे सा**" ऐसी भी स्वर रचना होती है; इस वक्र **गंधार** स्वर पर आंदोलन नहीं
                                                           .नी .नी
करतें. इसमें मध्य **ऋषभ** से एकदम मंद्र **धैवत** पर जातें है, जैसे "**नी सा रे, ध् ध्, नी प.**" यह तान इसका रागवाचक भाग है जो पूरा ध्यानमें रखना अवश्य है. इस रागमें मींड का प्रयोग अधिक होता है, जिस विना इस राग का शुद्ध रूप प्रदर्शित नहीं हो सकता, इस राग के लिए हार्मोनियम वाद्य बिलकुल नालायक है.

                                  नी नी
इसके अंतरे का उठाव "**म् म्, प प, ध् ध्, नी सां**" ऐसा बहुधा होता है. इसका रुप मंद्र और मध्य सप्तक में अधिक खुलता है. तार सप्तक की स्वर रचना मंद्र और मध्य सप्तक के सदृश होती है. इसका वादी स्वर **रे** है. कोई ग् को वादी मानतें है. मध्य रात्र के १ बजे तक इसको गाते है. इसमे भक्ति रस है. धृपद, ख्याल, तरानें आदि अच्छी तरहसे गायें जातें है. यह राग चित्त को बहोत अकर्शित करनेवाला है. यद्यपि यह राग बहोत प्रसिद्ध है तथापि इसका यथार्थ शुद्ध गाना बजाना कठिण है. सब **कानडें** में यह **दरबारी कानडा** ही सरदार है.

